# कार्यालय,रक्षा लेखा महानियंत्रक,

**पालमरोड, दिल्ली छावनी110010**

**(हिंदी कक्ष)**

**सं0 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./29** **दिनांक : 09 जनवरी, 2019**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक **31 दिसम्बर, 2018** को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है तथा इसे रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट **cgda.nic.in** से डाउन लोड कर लिया जाए।

अनुरोध है कि आपके कार्यालय/ अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/हिन्दीकक्ष को अवगत कराने का कष्ट करें।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

**संलग्नक** : यथोपरि

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

01. निदेशक (राजभाषा), कमरा न. 240, 'बी विंग' सेना भवन, नई दिल्ली-110011
02. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
03. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
04. मुख्यालय कार्यालय के सभी वरिष्ठ लेखा अधिकारी/लेखा अधिकारी
05. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
06. सूचना प्रद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
07. आदेश फाइल।

# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**(हिन्दी कक्ष)**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2018 की चौथी तिमाही बैठक दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 को अपराह्न 03:00 बजे श्री संजीव मित्तल, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक | सदस्य |
| 02. | श्री प्रवीण कुमार राय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 03. | श्री मुश्ताक अहमद, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 04. | श्रीमती जूही वर्मा, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशा.-1) | सदस्य |
| 05. | श्री आशीष यादव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (लेप.1/आई टी एवं एस) | सदस्य |
| 06. | श्री पी.के.जैन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली) | सदस्य |
| 07. | श्री विजय रैना, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-14) | सदस्य |
| 08. | श्री ओम दत्त शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा-पेंशन) | सदस्य |
| 09. | श्री याद राम, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 10. | श्री महेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-4) | सदस्य |
| 11. | सुश्री किरन राजू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.1) | सदस्य |
| 12. | श्री विनोद कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.6/8/11) | सदस्य |
| 13. | श्री वी.वी.एस. ब्रह्माजी राव, लेखा अधिकारी (प्रशा.-13/लीगल कक्ष) | सदस्य |
| 14. | श्री सतीश कुमार त्रिपाठी, लेखा अधिकारी (प्रशा.-9/10) | सदस्य |
| 15. | श्री प्रसेनजीत घोष रॉय, लेखा अधिकारी (ले.प.-5/पेंशन) | सदस्य |
| 16. | श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थिति -

01. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक
02. श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवादक
03. श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 :पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार पिछली तिमाही की तुलना में मुख्यालय कार्यालय के हिंदी पत्राचार में वृद्धि दर्ज की गई है। अध्यक्ष महोदय ने इसकी सराहना की और सलाह दी कि इस प्रतिशत में गिरावट न आने पाए।

अध्यक्ष महोदय ने समिति को निर्देश दिया कि हिन्दी पत्राचार में वृद्धि को और गति प्रदान करने के लिए नेमी प्रकृति के कार्यों, अग्रेषण पत्रों, शून्य रिपोर्टें आदि को हिंदी में भेजना सुनिश्चित करें और हिंदी पत्राचार में बोलचाल की भाषा का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय))**

**मद सं. 3: जून, 2018 तथा सितम्बर, 2018 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने जून, 2018 तथा सितम्बर, 2018 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए। राजभाषा के कार्यनिष्पादन में प्रशा-1 के आंकड़ों में पिछली तिमाही की तुलना में काफी बढ़ोतरी हुई है जिसकी अध्यक्ष महोदय ने सराहना की। बाकी जिन अनुभागों का कार्य 85 प्रतिशत से अधिक रहा उनकी भी प्रशंसा की गई और निर्देश दिए कि आगामी तिमाही में हिन्दी कार्य में और वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय))**

सदस्य सचिव ने सदस्यों को सूचित किया कि 30 सितम्बर 2018 माह को समाप्त तिमाही की राजभाषा के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्ट के आदान-प्रदान के लिए अब ई-सूचना पोर्टल के माध्यम का प्रयोग शुरू कर दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय सहित सभी सदस्यों ने इसकी सराहना की। संयुक्त महानियंत्रक श्री उपाध्याय ने आदेश दिया कि यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में सभी नियंत्रक कार्यालय अपनी तिमाही रिपोर्टें अनिवार्य रूप से ई-पोर्टल द्वारा ही इस मुख्यालय कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

**(कार्रवाई :हिंदी कक्ष (स्थानीय))**

**मद सं. 4: हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय में 27 आशुलिपिक तथा 39 लिपिक हैं। इनमें से 19 आशुलिपिकों तथा 15 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का

ज्ञान प्राप्त है। शेष आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु अगले सत्र में नामित किया जाएगा। हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत 06 लिपिक हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और 05 लिपिकों को अगले सत्र के लिए नामित किया गया है। लिपिकों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण मुख्यालय के हिंदी कक्ष में दिया जाता है।

अध्यक्ष महोदय ने हिंदी टंकण प्रशिक्षण की स्थिति पर संतोष प्रकट किया और निर्देश दिया कि शेष नए लिपिकों/आशुलिपिकों को भी अगले सत्रों में नामित कर सभी लिपिकों को शीघ्र प्रशिक्षित किया जाए।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

**मद सं. 5: <u>हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>:**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सीमा सड़क) नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में कार्यरत कुल 17 सहायक लेखा अधिकारियों के लिए मुख्यालय कार्यालय के सहायक निदेशक(रा.भा.) द्वारा "हिंदी की राजभाषा नीति और नियम, सरकारी भाषा हिंदी के कार्यान्वयन के संबंध में रिपोर्ट एवं विवरणी, टिप्पण और आलेखन" के संबंध में व्याख्यान दिया गया।

**मद सं. 6: <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति</u>:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | **स्वीकृत पद** | **भरे गए पद** | | **रिक्त पद** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | सीधी भर्ती | पदोन्नति | सीधी भर्ती | पदोन्नति |
| | | 01 | 12 | 24 | - |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 34 | | 01 | |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 54 | | 16 | |

(1) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पिछले दिनों 01 सहायक निदेशक (रा.भा.) के सेवानिवृत्त होने के बाद अब सहायक निदेशक (रा.भा.) के 24 पद रिक्त हैं। इसी क्रम में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (रा.भा.) के रिक्त पदों को भरने संबंधी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

अध्यक्ष महोदय ने वरिष्ठ उप महानियंत्रक से इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

(2) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 01 वरिष्ठ अनुवादक की सहायक निदेशक (रा.भा.) के पद पर पदोन्नति के उपरांत वरिष्ठ अनुवादक का एक पद रिक्त है।

(3) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 04 कनिष्ठ अनुवादकों की वरिष्ठ अनुवादक के पद पर पदोन्नति के उपरांत कनिष्ठ अनुवादकों के 16 पद रिक्त हैं।

**(कार्रवाई: प्रशासन-2/8/11 अनुभाग)**

**मद संख्या: 7 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण:**

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी कार्यालयों से वर्ष 2018-19 के निरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हो गए हैं एवं तदनुसार मुख्यालय कार्यालय एवं विभाग के विभिन्न कार्यालयों द्वारा राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए जा रहे हैं।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष (स्थानीय) तथा सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद संख्या: 8 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (सेना), उदयपुर | 13.09.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 02. | वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.), जे.आर.सी., बरेली | 07.05.2018 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षणों के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 03. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, सिलीगुड़ी | 22.05.2018 | |
| 04. | लेखा अधिकारी, दुर्ग अभियंता, गंगटोक | 24.05.2018 | |
| 05. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वायुसेना), देहरादून | 08.06.2018 | |
| 06. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.)लखनऊ | 08.09.2018 | आश्वासनों की सूची प्राप्त हुई। संबंधित कार्यालय को आश्वासन की सूची भेज दी गई है। अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दी जाएगी। |
| 07. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन),इलाहाबाद | 11.09.2018 | |
| 08. | रक्षा लेखा नियंत्रक(पें.सं.) मेरठ | 17.01.2019 | |
| 09. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, कोल्लम | 16.02.2019 | |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 17.01.2019 को रक्षा लेखा नियंत्रक (पें.सं.) मेरठ का निरीक्षण किया जाएगा। मेरठ स्थित किसी भी कार्यालय में सहायक निदेशक (रा.भा.) नियुक्त न होने के कारण निरीक्षण की तैयारी में काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग को रक्षा लेखा नियंत्रक (पें.सं.) मेरठ में यथाशीघ्र सहायक निदेशक (रा.भा.) तैनात करने का आदेश दिया।

**(कार्रवाई: प्रशासन-2 अनुभाग)**

**मद संख्या: 9** **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय</u>**

अंत में अध्यक्ष महोदय ने समिति के सभी सदस्यों को आह्वान किया कि मुख्यालय के सभी कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने का प्रयत्न करना चाहिए जिसमें बोलचाल की भाषा का अधिक प्रयोग हो।

**(कार्रवाई: मुख्यालय के सभी अनुभाग)**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (रा.भा.) सह सदस्य सचिव**